तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

12 एक्सपायरी नैनो यूरिया वितरण मामले में जांच शुरू उर्वरक ...

10 सात यूनियनों ने बीएसपी कर्मियों से किया ...




## खबर संक्षेप



### रथयात्रा से मोबाइल पार, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रथयात्रा के भीड़ का लाभ उठाते हुए मोबाइल पार करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 6 स्थित जगन्नाथ मंदिर के आसपास भिलाई में मोबाईल रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम प्रगति नगर छावनी भिलाई निवासी एम. सागर बताया है। भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में भीड़ में मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने अपने दोस्त बिल्लू नौसाद,सुनील उर्फ रोहित, इमला समेत अन्य के साथ मिलकर चोरी करना बताया है। आरोपी से पुलिस ने 10 मोबाईल जब्त किया है, उक्त मोबाइलों की कीमत 3.30 लाख रुपए आंकी गई है।

### पद्मनाभपुर में चोरी

**भिलाई।** पद्मनाभपुर निवासी अधिवक्ता सुनील साहू के सूने मकान में चोरी हो गई। साहू परिवार के साथ बनारस गए हुए थे। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपी दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे। आरोपी चोर बड़े आराम से घंटों तक मकान के अंदर रहे। इस दौरान आलमारी में रखे जेवरात और नगद उड़ा ले गए। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### 24 साल से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**भिलाई।** अनुसूचित जाति, जनजाति धारा के अंतर्गत 24 साल से फरार आरोपी स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताय कि



डीएसपी अजाक हेम प्रकाश नायक की विशेष टीम फरार वारंटी को पकड़ने की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान मोहन नगर अजाक थाना की टीम ने अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ छेड़खानी कर अपमानित करने वाले स्थायी वारंटी डौंडी लोहारा निवासी कमल सिंह उर्फ शुभपाल सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरारी का चालान तैयार कर 30 नवम्बर 2001 में पेश किया। विशेष न्यायाधीश के. विनोद कुजूर विशेष न्यायालय एट्रोसिटी कोर्ट दुर्ग के धारा 354 भादवि 3 (1)2 एस.सी/एस.टी एक्ट के तहत आरोपी फरार था। आरोपी को पकडकर विशेष न्यायालय एट्रोसिटी कोर्ट दुर्ग में पेश किया गया। स्थायी वारंटी कमल सिंह 24 वर्षों से फरार था।

# आज से राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान, दल्लीराजहरा के मजदूर उतरेंगे सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बुधवार 9 जुलाई को दल्लीराजहरा संपूर्ण भारत देश में श्रमिकों के आंदोलन को लेकर आज मंगलवार को दल्लीराजहरा के समस्त श्रमिक संगठनों ने बाइक रैली निकालकर सांकेतिक संदेश दिया कि आगामी समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा अगर उनकी मांगे पूर्ण नहीं होती है तो, मजदूर हितों की अनदेखी और चारों लेबर कोड के विरोध में 9 जुलाई 2025 को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस आंदोलन में दल्लीराजहरा के श्रमिक संगठनों ने भी पूरी ताकत से भागीदारी का ऐलान किया है। मजदूरों का कहना है कि ये हड़ताल सिर्फ अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि गरिमा, न्याय और भविष्य की सुरक्षा के लिए है।10 सूत्री मांगों को लेकर आज बाइक रैली निकाली गई और जैन भवन चौक में यह रैली सभा का रूप में तब्दील हुई,सभी चारों श्रम संहिताओं को तत्काल रद्द किया जाए। हर श्रमिक को न्यूनतम 26,000 मासिक वेतन दिया जाए।. समान कार्य के लिए समान वेतन नीति को लागू किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण पर पूरी तरह रोक लगे। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। महंगाई पर कड़ी लगाम लगाई जाए। किसानों की फसलों का लाभकारी समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया जाए, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को तुरंत वापस लिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिले,महिलाओं की सुरक्षा, वेतन और गरिमा सुनिश्चित की जाए।

## बाइक रैली निकाल श्रमिक संगठनों ने दी चेतावनी, नहीं मानी मांगें, तो होगा उग्र आंदोलन

**खास बातें**

- चारों लेबर कोड के विरोध और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर दल्लीराजहरा से भी राजधानी की ओर कूच की तैयारी



### मांगे नहीं मानी गई, तो और व्यापक होगा आंदोलनः मजदूर संघ

यह आंदोलन एसकेएमएस, सीटू, इंटक, सीएमएमएस, जेएमएम जैसे संगठनों के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। दल्लीराजहरा से भी बड़ी संख्या में श्रमिक राजधानी की ओर कूच करने की तैयारी में हैं। दल्लीराजहरा के मजदूरों ने स्पष्ट कहा है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और भी व्यापक रूप दिया जाएगा।

**मौसम**

### 50 से अधिक गांवों का संपर्क टूटा, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

# अकलवारा नाला में तेज बहाव से धंसी सड़क, गुरूर-कंवर मुख्य मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से गुरुर–कंवर मुख्य मार्ग अकलवारा नाला के पास पानी के तेज बहाव से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क

- बार–बार सड़क के टूटने से ग्रामीणों में रोष, प्रशासन से जल्द मरम्मत की मांग

धंस गई है, जिसके चलते मार्ग पुरी तरह से बंद कर दिया गया है। अब 50 से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों को लंबी दुरी तय कर दुसरे मार्ग से तहसील मुख्यालय आना पड़ रहा है। छुसरे मार्ग की अधिक दुरी को देखते हुए ग्रामीण उस क्षतिग्रस्त मार्ग से ही आवागमन कर रहे थे। जिसकी जानकारी मिलने पर प्रशासन ने मार्ग को प्रतिबंधित कर बैरिकेटिंग कर दी है। राहगीरों को डायवर्टेड मार्ग से आवागमन करने कहा जा रहा है।



### स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

गुरुर – कंवर मुख्य मार्ग ग्राम खोरदो, अकलवारा, परसुली कंवर, देवकोट सहित 50 से अधिक ग्रामों के लिए ब्लॉक मुख्यालय आने का प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग से स्कूली विद्यार्थी हाई स्कूल खुंदनी पढ़ने आते हैं किंतु मार्ग बंद हो जाने से स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ेगी, क्योंकि अब उन्हे 10 से 12 किलोमीटर अतिरिक्त दुरी तयकर स्कूल जाना पड़ेगा, वही आस पास के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मार्ग को जल्द से जल्द बनाने की मांग की है ताकि आवागमन प्रभावित न हो सके।

### प्रशासन की लापरवाही हो रही उजागर

यह मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई है, इसी वर्श इस मार्ग का विभाग ने पुनः कार्य कराया था, जिस स्थान पर मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है वहां पर्व वर्शों मे भी इसी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, तब भी कारण पानी का तेज बहाव था, लेकिन विभाग ने पुर्व की घटनाओं से सबक नही लिया और निर्माण मे सावधानी नही बरती।



### पहली बारिश में लमती का रास्ता बंद, पुल निर्माण नहीं होने से बढ़ी ग्रामीणों की मुसीबत

**डौण्डीलोहारा।** बरसात की पहली ही बारिश में तुमड़ीकसा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम लमती का संपर्क मार्ग पूरी तरह से ठप हो गया। ग्राम तुमड़ीकसा और लमती के बीच बहने वाली खरखरा नदी पर बने पुराने छोटे पुल पर पानी बहने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। यह समस्या हर वर्ष बारिश में ग्रामीणों के लिए संकट का कारण बनती है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई जा चुकी है। वर्ष 2023 में ग्राम

- पिछले वर्ष इसी नदी में 12 मवेशी बह गए थे

पंचायत तुमड़ीकसा के आश्रित ग्राम तुऐगोंदी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसकी कार्यवाही संबंधित विभाग को सौंपी गई थी। बताया गया कि वर्ष 2024 के बजट में इस पुल के निर्माण को शामिल किया गया है, लेकिन अब ▶▶| शेष पेज 10 पर

### गुण्डरदेही अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही, महिला आत्महत्या मामले को दबाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

गुण्डरदेही अस्पताल में पदस्थ एक सरकारी डॉक्टर की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां आरोप है कि एक महिला के आत्महत्या के मामले को दबाने की कोशिश डॉक्टर ने की थी। लेकिन मृतिका के मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तब उन्हें महिला के मौत की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति

- डॉक्टर ने पुलिस को जानकारी नहीं दी, महिला की मौत के बाद मामला हुआ खुलासा

को सलाखो के पीछे भेज दिया है। पूरा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चंदनबिरही का है। जहां रहने वाली महिला 35 वषऍय महेश्वरी साहू 14 जून को दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर में जहर का सेवन कर खुदकुशी करने की कोशिश की। जिसे आनन फानन में परिवार के लोगों ने गुण्डरदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया। लेकिन वहां पदस्थ ड्यूटी डॉक्टर पुष्पेन्द्र अग्रवाल ने पुलिस को बगैर जानकारी दिये उसे हायर संटर रेफर कर दिया। जहां उस महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**सुसाइड या एक्सीडेंटल केस में पुलिस को जानकारी देना आवश्यकः** गौरतलब हो कि किसी भी आत्महत्या या फिर एक्सीडेंटल केस अस्पताल में पहुंचता है तो सबसे पहले डॉक्टर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गुरूर पुलिस ने ट्राली चोरी पर किया खुलासा गैस कटर से काटकर बेचने की थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ट्राली चोरी करने वाले एक नाबालिक सहित कुल 3 आरोपियों को गुरूर पुलिस ने चोरी के मामले में पकड़ा। जिसमे 2 नग ट्रॉली सहित

- तीन आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग शामिल, सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्य बने अहम कड़ी

चोरी में प्रयुक्त 1 ट्रेक्टर, 1 पीकप वाहन, गैस कटर, 1 गैस सिलेन्डर, 2 आक्सीजन सिलेन्डर को जप्त किया गया। ग्राम कुलिया थाना गुरूर जिला बालोद निवासी प्रार्थी खिलेश्वर साहू पिता यशवंत साहू 38 साल ने थाना गुरूर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5–6 जुलाई के दरम्यानी रात में प्रार्थी के ट्रेक्टर की ट्राली को अज्ञात चोरी कर ले गया, मामले मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### सीसीटीवी से मिले पुख्ता सबूत

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो व्यक्ति ईशांत साहू एवं अपचारी बालक को ग्राम भरदा में संदेह के आधार पर थाना गुरूर लाकर पुछताछ किया गया, जिनके द्वारा ग्राम अरकार में चोरी के ट्राली को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करना बताये तथा पुछताछ के दौरान बताये कि 06 जुलाई के रात्रि में अपचारी बालक के घर के ट्रेक्टर से आकर ग्राम कुलिया में तालाब किनारे खड़े किये ट्राली को टोचन करके पुरूर के रास्ते धमतरी बाय पास होते हुए ग्राम सांकरा के पास आरोपी राजेश बांधे से मिलकर चोरी किये।

**निशानदेही पर सिलेंडर जब्तः** ट्राली को ग्राम भोथली थाना अर्जुनी जिला ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बांध किनारे मिली युवक की खून से लथपथ लाश, हत्या की आशंका, वहीं एक अधेड़ की नाले में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लाक मुख्यालय डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाडुला के बांध किनारे खेत में मंगलवार की सुबह खून से लथपथ एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी डौंडी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही डौंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गहनता से जांच प्रारंभ की। मृतक की पहचान ग्राम चिहरों निवासी 22 वर्षीय युवक प्रीत राम गोटा पिता हीरा ▶▶| शेष पेज 10 पर

- युवक के चेहरे व शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान, तीन युवकों से पूछताछ



### स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर

इस संवेदनशील मामले में दुर्भाग्य है कि दोनों ही घटित घटना के दोनों शव को डौंडी के आवारी नाला स्थित चीरघर में 3 से 4:30 बजे के मध्य पीएम हेतु पहुंचा दिया गया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर ने शाम हो जाने का बहाना बनाकर रखे गए शवों का पीएम किया ही नहीं गया। जबकि स्वास्थ्य विभाग के पास पूर्णतः समय पर्याप्त था। अब समय पूर्व लाए गए शव पीएम के अभाव में रात और कल देर सुबह तक लावारिश हालात में पड़ी रहेगी। क्योंकि चीर घर के अतिजर्जर भवन व भारी अव्यवस्था के चलते विभाग का कोई भी कर्मचारी यहां शव रखे स्थल में ड्यूटी नहीं देते यह मजबूरी हो सकती है। लेकिन समय रहते पीएम ना करना घोर लापरवाही और जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना समान है। इस विषय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ विजय ठाकुर से सवाल किए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नाले में डूबने से एक अधेड़ की मौत

इधर ब्लाक मुख्यालय डौंडी के रेल्वे स्टेशन पूर्व पटरी के नीचे किनारे छोटा नाले में डौंडी नगर धुर्वाटोला वार्ड क्रमांक चार निवासी 55 वर्षीय सोनउ राम देवहारी पिता देवलसिंह की संदिग्ध हालत में नाले के पानी पर डूबने से मौत हो गई। जबकि नाले में घुटने भर ही पानी बह रहा है,जहां पर कोई भी आराम से नाला आरपार कर सकता है। बताया जा रहा कि मृतक सोनउ राम मंगलवार सुबह अपने कृषि कार्य से खेत जाने घर से निकला था कि घटना घटित हो गई है। कुछ लोगों का कहना है कि मृतक को कभी कभी मिर्गी बीमारी आती थी। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पीएम हेतु चीर घर भेज दिया है और घटना की जांच की जा रही है।

**दवाओं से लेकर रेडियो तक का वितरण, अंचलवासियों से जुड़ने का प्रयास**

# सीआरपीएफ ने पेश की जनसेवा की मिसाल, बडेकेडवाल में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम व लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील गांव बडेकेडवाल में 217वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व

- 217वीं वाहिनी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में दिखाया सेवा का मानवीय चेहरा, ग्रामीणों ने जताया आभार

पुलिस बल द्वारा जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सिविक एक्शन प्रोग्राम सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सलातोंग कैम्प से ए एवं सी समवाय के सहयोग से संचालित किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साह से भाग लिया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को



निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त, रेडियो व उपयोगी सामग्री का वितरण कर ग्रामीणों की दैनिक जीवन की छोटी लेकिन अहम ज़रूरतों को पूरा करने की दिशा में एक मानवीय कदम बढ़ाया गया। कार्यक्रम में एसएमओ डॉ मनदीप सिंह, सहायक कमांडेंट रवि शर्मा, समवाय अधिकारी जीडी थोराट अनंता कलोवा ने प्रमुख भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने 217वीं वाहिनी के इस प्रयास को हाथोंहाथ लिया और बल के प्रति गहरा विश्वास एवं आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल इलाज का जरिया नहीं था, बल्कि एक मानवता का संदेश भी था जो सीधे उनके दिल तक पहुँचा।

### मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान

इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह मीना ने ग्रामीणों को सुरक्षा, सहयोग और सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ का उद्देश्य केवल सुरक्षा देना नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ना और विकास की रोशनी हर घर तक पहुँचाना है। इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि 217वीं वाहिनी नक्सल प्रभावित इलाकों में सिर्फ बंदूक लेकर नहीं, बल्कि भरोसा, सेवा और विकास का दीपक लेकर पहुँची है।



# मरोदा पंप हाउस में भरा पानी, ब्रेकडाउन से जलापूर्ति प्रभावित

## से.1 सहित कुछ क्षेत्रों में 8.45 बजे नलों में आया पानी, दिनभर चला रिपेयर का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग के मरोदा पंप हाउस में सोमवार को टाप कवर फट जाने से पंप हाउस में पानी भर गया। पंप हाउस में रिपेयर का काम जारी है। इससे मड़ौदा सेक्टर सहित कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रही। मेंटेनेंस कार्य के चलते मंगलवार को भी कुछ सेक्टरों में जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। बीएसपी ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

मड़ौदा सेक्टर के पंप हाउस में सुबह करीब 8.30 बजे 1 पंप का एनआरबी का टॉप कवर फट गया। इससे हाइ प्रेशर में पानी पंप हाउस में तेजी से भरने लगा। इस पंप हाउस में पेयजल की आपूर्ति के लिए कुल 3 पंप चलते हैं। ब्रेक डाउन के तत्काल बाद शेष 2 पंप को प्रभावित होने से बचाने के लिए बंद कर दिया गया। जल आपूर्ति को सामान्य बनाने के लिए तेजी से कार्य जारी है।मरोदा पंप हाउस से टाउनशिप को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। सुबह 8.30 बजे हुए ब्रेक डाउन के पूर्व टाउनशिप के अधिकांश हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति लगभग कर दी गई थी। इस ब्रेक डाउन से पेयजल की आपूर्ति आंशिक रुप से प्रभावित हुई है, संयंत्र के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

ब्रेक डाउन के तत्काल बाद सर्वप्रथम फटे हुए पंप के पानी को रोका गया और फायर ब्रिगेड सहित सभी संबंधित विभागों को सूचना देते हुए ज्यादा क्षति न हो इसे ध्यान में रखते हुए चल रहे अन्य पंपों को भी बंद कर दिया गया। पंप हाउस में इन्हें सुधारने का कार्य तीव्र गति से जारी है और देर शाम तक स्थिति सामान्य होने की संभावना है।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए 8 जुलाई को टाउनशिप में नियमित पेयजल सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित हो सकती है। टाउनशिप के रहवासियों से सहयोग की अपील की गई है। पंप हाउस में खराबी आने के चलते कुछ सेक्टरों में रात 8.45 बजे जलापूर्ति की गई। इससे लोगों ने राहत की सांस ली।



## खबर संक्षेप



### कोर्ट व कलेक्ट्रेट के पार्किंग स्थल में कीचड़

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग का प्रतिनिधि मंडल ने संघ की अध्यक्ष नीता जैन के नेतृत्व में सोमवार को जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बरसात के दिनों में न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में जगह जगह गढ्ढे में कीचड़ हो जाने से वाहन पार्किंग करने में समस्या हो रही है। उसके साथ ही कीचड़ होने से परिसर में बैठकर कार्य करने वाले अधिवक्ताओं एवं पक्षकारो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके शीघ्र निराकरण करने हेतु संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश कुमार यादव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद प्रजापति, रविंदर बाबू, सदस्य नितेश कुमार साहू, दमयंती चंद्राकर सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज ने दी है।

### बार एवं रॉड मिल का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने जून में उत्कृष्ट तकनीकी उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। बीआरएम ने 85.89 प्रतिशत मिल यूटिलाइजेशन प्राप्त कर सर्वोच्च मासिक मिल यूटिलाइजेशन का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 2,64,157 टन उत्पादन कर प्रथम तिमाही के उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार ने बीआरएम टीम को इस उपलब्धि हेतु बधाई दिए।

### इंटक कार्यालय में हुआ कन्वेंशन, हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय

# सात यूनियनों ने बीएसपी कर्मियों से किया आज ड्यूटी नहीं जाने का आह्वान

## केंद्र सरकार के निजीकरण सहित सभी श्रमिक विरोधी कदमों का किया पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नौ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए 7 ट्रेड यूनियनों द्वारा प्लांट के अंदर और बाहर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके तहत इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन द्वारा इंटक कार्यालय में हुए कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने की तैयारी पर चर्चा के साथ कर्मियों से ड्यूटी नहीं जाने की अपील की गई।

सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल का निर्णय लिया है। इसके तहत यहां एनजेएस सहित 7 यूनियनों की कन्वेंशन केंद्र सरकार के कर्मियों पर कुठाराघात वाली नितियों का विरोध किया गया । यूनियन नेताओं ने बीएसपी के सभी कर्मचारियों व मजदूरों से नौ जुलाई की हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध जारी रहेगा क्योंकि 4 नए लेबर कोड से भविष्य में श्रमिकों की स्थिति गुलामों जैसी हो जाएगी । केंद्र सरकार की नीतियों से भविष्य में हम कर्मचारियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल भी नहीं कर पाएंगे । इसीलिए हमें एकजुट होकर सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ना है । एचएमएस महासचिव प्रमोद मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से मालिक एवं मजदूर के बीच की खाई और अधिक बढ़ रही है । सरकार सिर्फ निजीकरण करना चाहती है इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा श्रमिक वर्ग को जागरूक करने की जरूरत है। सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी डे ने कहा कि अलोकतांत्रिक श्रम संहिता को लोकतांत्रिक आवरण में लपेट कर लाया जा रहा है । सरकार यह बताना चाहती है की नया श्रम कानून श्रमिकों के हित में है लेकिन हकीकत यह है कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा है

एक्टू महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग पर जो हमला किया जा रहा है उससे हम एकताबद्ध होकर ही लड़ सकते हैं ।




### बताया- स्थाई नौकरी पर हमला और अभिव्यक्ति पर कुठाराघात

लोईमू महासचिव सुरेंद्र मोहंती ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा जो फिक्स टर्म नौकरी का कॉन्सेप्ट लाया गया है। यह परमानेंट नौकरी पर हमला है । हमें मजदूर वर्ग में वर्गीय चेतना लाने की जरूरत है । स्टील वर्कर्स यूनियन के महासचिव नंदकिशोर गुप्ता व एटक महासचिव विनोद सोनी, सीटू उपाध्यक्ष डीवीएस रेडी एवं लोईमू अध्यक्ष डीके सोनी व अजय कुमार मार्टिन, शिव शंकर सिंह, रेशम राठौर एवं ज्ञानेंद्र पांडेय, विनय कुमार मिश्रा, सीटू से विजय जांगड़े जगन्नाथ त्रिवेदी, डीडीएस रेड्डी अशोक खरकर, एक्टू से बृजेंद्र तिवारी, श्याम कुमार साहू, अशोक कुमार मिरी, रूपेश कुमार, भुवन साहू लोईमू से सुरेंद्र मोहंती आदि यूनियनों के पदाधिकारी शामिल थे।

### निगम का कारनामा : जहां वाटर एटीएम लगाया वहीं कचरा डालने डस्टबिन रख दिया




**भिलाई।** तस्वीर अशरफी चौक वार्ड 49 शहीद भगत सिंह की है, यहां जिस जगह वाटर एटीएम स्थापित किया गया है, वहीं कचरा डालने के लिए डस्टबिन लगा दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोग पहले ही पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके बाद निगम द्वारा ऐसी लापरवाही बरती जा रही है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जसप्रीत सिंह ने इसकी शिकायत भी की है, लेकिन डस्टबिन को नहीं हटाया गया है।

### सांस्कृतिक संपदाओं के संरक्षण पर हुई परिचर्चा

**भिलाई।** भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग भिलाई अध्याय द्वारा 'सांस्कृतिक संपदाओं का क्षरण व संरक्षण' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दुर्ग जिला स्थाई लोक अदालत की अध्यक्ष सुषमा लकड़ा के मुख्यातिथ्य में भिलाई निवास में किया गया। राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला लखनउ के वैज्ञानिक डां.संजय प्रसाद गुप्ता ने व्याख्यान मेंशोधपरक पुरातत्त्वीय महत्व की इमारतों, मंदिरों आदि के क्षरण के कारणों और संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि सुषमा लकड़ा ने पुरातत्व महत्व की संपदाओं के संरक्षण से संबंधित कानूनों को समझाया 1 संयोजक डॉ. हंसा शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। साहित्यकार शरद कोकास, परदेसी राम वर्मा, रंगकर्मी अनिता व विभाष उपाध्याय, चित्रकार सुनीता वर्मा व महेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र राव, व्यंग्यकार विनोद साव आदि उपस्थित थे। कवि रवि श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन व शिक्षाविद् डॉ. डीएन शर्मा नेसंचालन किया।



# भिलाई-चरोदा निगम में हुआ घटिया काम बह्मनीन और बंधवा तालाब की दीवार ढही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में तालाब सौंदर्यीकरण किया गया। लेकिन पहली बारिश ने निगम की पोल खुलकर रह गई। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन स्थित बमनीन तालाब की दीवार दोबारा ढह गया है। माह भर के भीतर दूसरी बार इस तरह हुआ है। इस बार बगल के बंधवा तालाब की भी दीवार का बड़ा हिस्सा सुबह भरभरा कर गिर गया। जानकारी लगते ही नगर निगम का अमला पहुंचकर मौका मुआयना कर ठेका एजेंसी को खानापूर्ति के लिए नोटिस जारी किया है। बमनीन तालाब में लगभग 91 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण काम चल रहा है। बंधवा तालाब में भी 92 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण के लिए ठेका एजेंसी को काम दिया गया है। दोनों ही तालाबों का काम अलग अलग ठेका एजेंसी कर रही है। मगर दोनों ही तालाब के निर्माणाधीन दीवारों के ढह जाने से काम विकास कार्यों के गुणवत्ता पर सवाल खडा हो रहा है। भिलाई-चरोदा निगम में लगातार विकास कार्यों में कमीशनखोरी के चलते इस तरह का हाल देखने को मिल रहा है। विकास कार्य करने वाले ठेकेदारों पर निगम के अधिकारियों का सांठगांठ होने से घटिया निर्माण कार्य किए जा रहें है।

- तालाब सौंदर्यीकरण में कमीशनखोरी शिकायत के बाद कार्य एजेंसी को नोटिस



### 21 दिन पहले भी बह्मनीन तालाब की ढही दीवार

16 जून को बह्मनीन तालाब के नवनिर्मित एक तरफ की दीवार बारिश के चलते भरभरा कर गिरा था। इससे नगर निगम की किरकीरी हुई थी। अब बीती रात फिर एक बार बह्मनीन तालाब की ही पुरानी गिरी दीवार के आगे का हिस्सा ढह गई। सोमवार की सुबह बगल के बंधवा तालाब की दीवार का भी बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया। नगर निगम के उप अभियंता मुकेश रात्रे के मुताबिक ठेका एजेंसी को नोटिस जारी कर दिया गया है।

## बीएसपीए, एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन की बैठक में सदस्यता बढ़ाने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

संगठन के कार्यालय बाबासाहेब आंबेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर 6 में करीब दो साल बाद बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने की। बैठक में एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने जोर दिया गया। सभी पदाधिकारियों का कहना था कि सभी विभागों में सदस्यता अभियान तेज की जाए। इसके लिए विभागीय कमेटियों का गठन किया जाए। बैठक में अधिकारियों की ग्रेडिंग को लेकर के जो शिकायतें एसोसिएशन को प्राप्त हुई हैं, उस पर भी चर्चा की गई। इससे प्रबंधन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इसी तरह सेक्टर 6 में जैतखाम की स्थापना और सेक्टर 5 में बाबासाहेब अंबेडकर संग्रहालय एवं पुस्तकालय का निर्माण एवं शहीद वीर नारायण जयंती स्टेडियम के समक्ष शहीद वीर नारायण की आदमकद कांस्य प्रतिमा स्थापित करने को लेकर सदस्यों ने नाराजगी जताई। कोमल प्रसाद ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद आज हम अपने बाबासाहेब आंबेडकर प्रेरणा स्थल के कार्यालय मे बैठक कर रहे हैं। यह हमारे लिए खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि सेल चेयरमेन और राष्ट्रीय अनुजाति आयोग नई दिल्ली के साथ हमारी जो बैठक होने वाली है, उसमें सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में चेतन लाल राना, विजय कुमार रात्रे, वेदप्रकाश सूर्यवंशी, कुमार भारद्वाज, अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर कुर्रे, उत्तम मंडावी, संत ज्ञानेश्वर, कालिदास बघेल, कुंजलाल ठाकुर, यशवंत नेताम, एमएल राय उपस्थित थे।


- अधिकारियों की ग्रेडिंग को लेकर प्राप्त शिकायतों पर की गई चर्चा

# कर्मचारी का घर बना डबरी, हो रही दिक्कत, सीटू ने की राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बारिश के मौसम के शुरु होते ही टाउनशिप में बीएसपीकर्मियों के पुराने आवासों में जलभराव की समस्या शुरु हो गई है। सेक्टर 4 में एक मकान में पानी घुसने से परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीटू ने नगर सेवा विभाग की लेटलतीफी पर नाराजगी जाहिर करते हुए समस्या के निदान की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों ने नगर प्रशासन सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक को बताया था कि सेक्टर 4 सड़क 27 क्वांटर 4,A में पानी घर में घुस रहा है पूरा परिवार पानी निकालने की कवायद में जुट जाता है। सेक्टर 4 सिविल विभाग द्वारा सर्वे भी करवा दिया गया था लेकिन इसके बावजूद आज तक कोई मेंटेनेंस नहीं हुआ और परिवार को राहत नहीं मिली है। यह कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है। सीटू पदाधिकारियों ने कहा कि बारिश में जर्जर आवासों में रहने को मजबूर हैं।सीपेज की समस्या से अनेक रहवासी परेशान हैं। संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी मेहनत कर कम्पनी को आगामी लक्ष्य को हासिल करने पूरा ताकत लगा रहा है लेकिन उसका परिवार जिन आवासों में निवास कर रहा है उसके मरम्मत कार्य में तीन महीने का विलंब अनुचित है।

- परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा



## पेज 9 के शेष

### पहली बारिश में लमती का ...

तक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2024 में इसी नदी को पार करते समय 12 मवेशी बहकर मर गए थे। इस घटना की सूचना भी प्रशासन को दी गई थी, परंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने सेतु विभाग और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से कई बार संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। यह पुल ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा समान है, क्योंकि इसी मार्ग से बच्चे स्कूल जाते हैं और ग्रामीण अपने मवेशी चराने ले जाते हैं। बारिश के दौरान जब नदी में पानी का बहाव तेज होता है, तो बच्चे दो-दो दिन तक स्कूल नहीं जा पाते और मवेशी भी घरों में ही बंद रहने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई जनहानि या पशुहानि न हो और गांव की जीवन रेखा बहाल रह सके।

### गुरूर पुलिस ने ट्राली चोरी ...

धमतरी के गौठान पर ले जाकर राकेश बांधे के कहे अनुसार खड़ी किया था, जिसे आरोपी राजेश बांधे द्वारा अपने साथी पवन कुमार धुरव के साथ मिलकर ट्राली का काटकर कबाड़ में बेचने के नियत से ट्राली डाला को काट लिया था, जिसे आरोपी ईशांत साहू के निशानदेही पर जप्त किया गया तथा आरोपी राजेश बांधे एवं पवन कुमार धुरव के द्वारा घटना में प्रयुक्त 1 नग गैस कटर, 1 गैस सिलेन्डर एवं 2 आक्सीजन सिलेन्डर को जप्त किया गया। आरोपी के कथन अनुसार ग्राम अरकार थाना सनौद से चोरी किये नीले रंग के ट्राली को ग्राम हथौद से जप्त किया गया तथा घटना में उपयोग किये पीकप एवं ट्रेक्टर को ग्राम परसोदा एवं ग्राम अंगारी से बरामद कर जप्त किया गया।

### बांध किनारे मिली युवक ...

राम गोटा के रूप में होने के बाद परिजनों को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रीत राम सोमवार को दोपहर लगभग 3 बजे बांध में मछली पकड़ने के लिए अपने दोस्तों के साथ जा रहा हूं, कहकर घर से निकला था और मोबाइल को भी घर पर ही छोड़ के गया था। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह आमाडुला बांध के किनारे मंशा राम मंडावी नामक ग्रामीण के खेत में प्रीत के शव मिलने की जानकारी हुई। घटना स्थल के आसपास तीन जोड़ी चप्पल पड़ी थी। वहीं मृतक के चेहरे एवं शरीर पर किसी धारदार हथियार से कई वार के निशान देखे गए। जिसके कारण किसी विवाद के चलते युवक की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

थाना प्रभारी उमा ठाकुर के द्वारा घटना की जानकारी जिले के आला अधिकारियों को देने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले से भी अधिकारियों सहित पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंच जांच में जुट गई,डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। जिसके बाद तीन युवकों को संदेह के आधार पर उनसे पुलिस पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले का खुलासा जल्द किए जाने की संभावना बन रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की ...

जाने पर उन्होंने कहा कि वे मंगलवार को बालोद दौरे पर है। पीएम कार्य हेतु स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नरेंद्र ठाकुर का ड्यूटी जिम्मा है। आपके माध्यम से जानकारी हो रही है कि समय रहते हुए भी उन्होंने शव पीएम नहीं किया केंद्र पहुंचने के बाद उनसे पूछताछ किया जाएगा। कुल मिलाकर शव पीएम के संवेदनशील मामले पर स्वास्थ्य विभाग अपने अपने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे है।

### गुण्डरदेही अस्पताल में ...

उसका इलाज करने के साथ ही पुलिस को घटना की जानकारी देते हैं ताकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर सके। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही में पदस्थ डॉक्टर पुष्पेन्द्र अग्रवाल ने महेश्वरी साहू की जानकारी पुलिस को नहीं दी। जिसके चलते डॉक्टर की कार्यप्रणाली पर कई तरह का सवाल खड़ा हो रहा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि डॉक्टर ने जानबूझकर मामले को दबाने के लिए पुलिस को जानकारी देने से बचे रहे।

**मायके पक्ष के लोगों ने की शिकायत:** पुलिस की माने तो उन्हें महेश्वरी साहू के आत्महत्या की जानकारी नहीं थी। लेकिन जब मृतिका के मायके पक्ष के लोग 19 जून को गुण्डरदेही थाने पहुंचे तब पुलिस को घटना के बारे में जानकारी हुई।

जिसके बाद पुलिस ने सुपेला थाने में गुण्डरदेही थाने से स्टॉफ भेजकर मर्ग डायरी मंगाया तब पूरा मामला स्पष्ट हुआ। पुलिस ने जांच की और पाया कि मृतिका के पति बिरेन्द्र साहू द्वारा प्रताड़ित किये जाने और आत्महत्या के लिए उकसाने के चलते महेश्वरी साहू ने आत्महत्या करने का कदम उठाया।

**10 दिन बाद भेजा मेमो:** इधर पूरे मामले पर संदेह के दायरे में आने वाले डॉक्टर पुष्पेन्द्र अग्रवाल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उसी दिन पुलिस मेमो भेजा गया था लेकिन धोखे से 23 तारीक को पहुंचा। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि लगभग 500 मीटर के दायरे में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और थाना मौजूद है और अस्पताल से थाना एक कागज पहुंचने में 10 दिन की देरी क्यों हुई यह जांच का विषय है। सवाल तो यह भी खड़ा होता है कि आखिर जब पुलिस के पास मृतिका के मायके पक्ष वाले पहुंचते हैं तभी पुलिस मेमो कैसे तैयार होता है।

**आरोपी पति को भेजा जेल:** मृतिका के मायके पक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और संबंधित लोगों से बयान और पूछताछ किया। जांच में यह स्पष्ट हो गया कि पति बिरेन्द्र साहू की प्रताड़ना के चलते उनकी पत्नी ने जहर का सेवन कर आत्महत्या की है। वहीं घटना के दिन मृतिका महेश्वरी से उनके पति बिरेन्द्र ने मारपीट भी की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार करने के साथ ही मारपीट करने वाले वस्तु को जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय भ्रमण कर लौटा प्रतिनिधि मंडल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक शिव चन्द्राकर के नेतृत्व में दुर्ग से प्रतिनिधि मंडल गोवा प्रदेश के जलवायु व पर्यावरण का अवलोकन करने तीन दिवसीय भ्रमण पर गोवा के सुदूर अंचल तक गए थे। उन्होने मछुआरा जातियों के जीवन के रहन-सहन को करीब से अनुभव करना तथा 131 एकड़ में दुर्लभ मसाले की खेती व जंगल का भ्रमण किया गया। साथ ही गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्व. मनोहर पार्रीकर की समाधि पर माल्यार्पण व उनके परिवार वालों से भेंट मुलाकात किया गया। यात्रा के अंतिम दिवस तय कार्यक्रम अनुसार गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से भेंट मुलाकात कर गोवा प्रदेश के अनुभव को हम लोगों ने साझा किया। भ्रमण दल में आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक शिव चन्द्राकर, प्रदेश कार्यालय सह मंत्री संजय सिंह, जिला आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक व चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग जिला के अध्यक्ष अनूप गटागट, मनोज अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, मनोज दानी, अमर भोई, अनिल साहू, रामकुमार ठाकुर, ईश्वरी देवांगन, रावेंद्र मिश्रा, अज्जू कुरैशी, नंदकिशोर शर्मा शामिल थे।

### केपीएस में ग्लोबल विलेज प्रदर्शनी



**दुर्ग।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, दुर्ग में ग्लोबल विलेज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता, वैश्विक ज्ञान और छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाने वाला एक अनूठा प्रयास रहा। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न देशों की संस्कृति, परंपराओं, पहनावे, खान-पान, कला, शिल्प, नृत्य और संगीत को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में लगे मॉडल, चार्ट, पारंपरिक व्यंजन और देश विशेष पर आधारित गतिविधियाँ सभी आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। प्राचार्य ने बताया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना, विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान और समझ पैदा करना है।

### डॉ. कश्यप हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापकों ने किया सम्मानित

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में पदस्थ रहे इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र के पूर्व समन्वयक डॉ. अनिल कश्यप सेवानिवृत्त हुए। उनके सेवानिवृत्ति पर कॉलेज के प्राध्यापकों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, वर्तमान समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एके खान, डॉ. अनुपमा कश्यप, संजय यादव, राधे लाल यादव सहित अन्य मौजूद थे। डॉ. कश्यप को स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गयया। नए समन्वयक डॉ. अमिनेष सुराना का स्वागत किया गया।

## अपर कलेक्टर कौशिक ने पौधारोपण के लक्ष्य और पौधों की सुरक्षा पर दिया जोर

# 18 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान, अपर कलेक्टर ने सभी विभागों को तैयारी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के विशेष पहल पर जिले में 18 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण अभियान के अवसर पर अधिक पौधरोपण कर अभियान को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- वर्षा और आपदा प्रबंधन समेत कार्यालय उपस्थिति व सड़क सुरक्षा पर भी समीक्षा

कौशिक ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान पौधों के रोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं इस अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कौशिक ने विभाग प्रमुखों से 18 जुलाई को अपने-अपने विभागों के कार्यालय परिसरों एवं अन्य आवश्यक स्थानों में पौधरोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कौशिक ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने हेतु केवल पौधों का रोपण कर देना ही पर्याप्त नही है, वरन रोपे गए पौधे की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल की व्यवस्था करना भी आवश्यक है।



### जर्जर शाला भवनों की स्थिति के संबंध में ली जानकारी

बैठक में कौशिक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जर्जर शाला भवनों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने एसडीएम डौण्डी सुरेश साहू से दल्लीराजहरा में केन्द्रीय विद्यालय भवन निर्माण हेतु जगह चयन के प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों की क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर तथा देव स्थल राजाराव पठार में प्रवेश द्वार, पेयजल व्यवस्था, महिला सदन सहित अन्य निर्माण कार्यों को पूरा करने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली।

**पौधारोपण अभियान की तैयारी:** उन्होंने कहा कि 18 जुलाई को जिले में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान समाज के सभी वर्गों के लोगों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर कौशिक ने वर्षा ऋतु के मद्देनजर बाढ़ एवं आपदा से बचाव हेतु संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। कौशिक ने राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरी निकाय, स्वास्थ्य, नगर सैनिक तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस दौरान किसी भी स्थिति से निपटने हेतु समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनधन की हानि रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

उन्होंने अतिवृष्टि एवं अन्य किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल राहत एवं बचाव के उपाय सुनिश्चित करते हुए प्रभावित लोगों तक मदद पहुँचाने के अलावा किसी भी प्रकार की जनधन की हानि को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में अधिकारी-कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी शासकीय संस्थाओं एवं कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन लगाकर सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

## किरण पिस्दा का जिला प्रशासन ने किया सम्मान



**बालोद।** खेल प्रतिभा से बालोद जिले सहित राज्य व देश का नाम रोशन करने वाली नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा का जिला प्रशासन बालोद द्वारा सम्मान किया गया। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किरण पिस्दा को प्रतीक चिन्ह व शॉल प्रदान कर सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने हाल ही में एएफसी एशियन कप के लिए क्वालिफाई किया है, उक्त टीम में बालोद जिले की किरण पिस्दा भी शामिल है। किरण पिस्दा के पिता महेश पिस्दा जिला कार्यालय बालोद में सहायक अधीक्षक के पद में पदस्थ हैं।

### व्याख्याता ने जन्मदिन पर दिया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में जन्म दिवस के उपलक्ष में व्याख्याता नरेंद्र जांगड़े के द्वारा स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया गया, न्योता भोज के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शासन के द्वारा मध्यान भोजन में जन सहयोग से रुचिकर भोजन प्रदान कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जुड़ाव को प्रोत्साहन प्रदान दिया जाता है। इसी अनुक्रम में व्याख्याता के द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को खीर पुरी का वितरण किया गया।

### ट्रेनिंग से लौटे निधि कतलम का भव्य स्वागत



**गुण्डरदेही।** ग्राम हरणसिंघी की निधि कतलम के अर्ध सैनिक बल में ट्रेनिंग के पश्चात अपने गृह गांव पहुंचने पर ग्रामीण व जनप्रतिनिधियो ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, उप सरपंच होमेंद्र स्वप्निल शर्मा, हरीश चंद्राकर, नवरत्न कतलम, कौशल कतलम व उनके परिजन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जनदर्शन में नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा, तत्काल समाधान के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित

- अपर कलेक्टर ने लोगों से संवाद कर समस्याओं के त्वरित निवारण के दिए निर्देश

विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में शाला प्रबंधन समिति करहीभदर ने शाला परिसर में जल निकासी हेतु नाली निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। ग्राम खपरी निवासी खिलेश्वरी ने शौचालय निर्माण, ग्राम कसही निवासी हेमकुमारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह आतरगांव निवासी पीताम्बर कुमार ने भूमि सीमांकन कराने तथा सांकरा निवासी मधुबती ने अभिलेख दुरस्ती के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह मोखा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्राम सिंघोला के सरपंच ने उप खाद्य वितरण केन्द्र खोलने की मांग की।

## महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम की रूपरेखा हुई तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में महर्षि मुक्त लोक सेवा न्यास की बैठक लुधियाना से पधारी गुरु नैस्ठिक दीदी योगमाया भूटानी और उनके सुपुत्र कनाडा निवासी कपिल भूटानी तथा अंगों महाराष्ट्र से पधारी दीदी सरस्वती चंद्रवंशी के सानिध्य में न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू के अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक का संचालन नाडी वैद्य डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने किया। बैठक में गुरुपूर्णिमा मानने कार्यक्रम रूपरेखा तैयार की गई। जिसमे सुबह 9 बजे गुरु पादुका पूजन होगा, सुबह 9:30 बजे गुरु महिमा पर प्रवचन गिरिजा देवी शर्मा कुसुमकसा (बालोद) द्वारा प्रस्तुत की जाएगी, 11:30 बजे से स्वामी सत्यानंद जी झंडापुर उत्तरप्रदेश का प्रवचन होगा, 1:30 से 2:30 गुरु भक्तों के अनुभव सह गुरु भजन कार्यक्रम होगा, दोपहर 2:30 बजे गुरु आरती के बाद महाप्रसादि और समापन होगी। बैठक में उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, रामभरोसा साहू, लखन नेताम, संतोष सिन्हा, सागर दास मानिकपुरी, थानसिंह साहू, सहित शिशु मंदिर के आचार्य दीदीगण उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी

**बालोद।** गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ बालोद में मनाया जाएगा। जीवन में एक सदगुरू का होना आवश्यक है, सनातन धर्म के वेद पुराण, उपनिषद और अनेक ग्रन्थ ने गुरु की महिमा लिखी और गाई गई है, गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश का रूप बताए है, गुरु तो अनेक हो सकते है, लेकिन सदगुरू ही ईश्वर के रूप हो सकता है, गुरु पूर्णिमा पर्व का प्रारंभ ईश्वर अंश वेदव्यास के समय सतयुग से प्रारंभ हुआ मानते है।

- गुरु पूर्णिमा पर 5 कुंडी यज्ञ, महामंत्र जाप और निशुल्क संस्कार होंगे

गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा मनाया जाएगा, जिसमें 9 जुलाई को प्रातः 5 बजे दीप प्रज्वलन तथा देव स्थापना होगी, 6 बजे से शाम 6 बजे तक गायत्री महामंत्र का जप गायत्री परिवार द्वारा किया जाएगा। 10 जुलाई गुरुवार प्रातः देव पूजन पश्चात 8 बजे से 11 बजे तक 5 कुंडी यज्ञ, 12 बजे से विचार गोष्ठी पश्चात महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। जहां पुंसवन संस्कार होगे, विद्या आरंभ, दीक्षा संस्कार जन्मदिवस मंडन संस्कार तथा अन्य संस्कार भी निःशुल्क किया जाएगा, इच्छुक व्यक्ति गायत्री मंदिर से संपर्क कर सकते हैं। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में आमंत्रण दिया जा रहा है विशेष रूप से 5 दिवसीय शिविर में आने वालों बच्चों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। गायत्री परिवार के संस्थापक, युग ऋषि प्रचंड तपस्वी आचार्य पंडित श्री राम शर्मा आचार्य का पूजन कर अनुशासन पर्व पर उनके उद्देश्य और लक्ष्य की पूर्णता के लिए संकल्पित होगे। जिला उप समन्वयक डीके कलिहारी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## टटेंगा स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाकर फैलाई गई जागरूकता



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता रेशमी साहू ने बताया कि जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों को जूनोटिक बीमारी कहते हैं, सामान्यतः रेबीज, प्लेग, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू, कोरोना जैसे जूनोटिक बीमारियों से बचाव में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 6 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय जूनोसिस दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य ने बताया कि ये सभी संक्रामक बीमारियां होती हैं जो बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी, कवक से फैलते है। बार बार हाथ धोना, जानवरों की सुरक्षित देखभाल और टीकाकरण से इन बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर पवन सिन्हा और वेद प्रकाश साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। हैपशीबा एंथोनी और रीना बोरकर एवं बड़ी संख्या में विद्याथएँ तथा समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अजय पाठक ने किया और कहा कि शौच के पश्चात और भोजन के पहले साबुन से हाथ धोना चाहिए।

## चिरचारी में लगा लाभ संतृप्ति शिविर, आदिवासी हितग्राहियों को मिली योजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिरचारी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा।

आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, आय, जाति एवं किसान सम्मान निधि योजना आदि की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिरचारी में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 14 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड तथा 77 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया। शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार 09 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बगदई में शिविर का आयोजन किया गया है।

## योग से आत्मसंतुलन की सीख, पर्यावरण संरक्षण की ली गई शपथ

# पेंशनरों की बैठक में स्वास्थ्य, योग और अधिकारों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य आरके वर्मा थे एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अमित द्विवेदी तथा निर्मल श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त प्रधान पाठिका मंजू श्रीवास्तव रहे। बैठक का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना से किया गया। डॉ अमित द्विवेदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और वर्षा ऋतु खानपान, रहन-सहन को ध्यान में रखते हुए पेंशनरों को निर्देशित करते हुए कहा योग का अर्थ जोड़ना होता है, शरीर को स्वस्थ रखना हमारी पहली प्राथमिक आवश्यकता है, परंतु मन का स्वस्थ रहना भी उससे भी अधिक आवश्यक है। रहन-सहन, खान-पान, व्यवहार, चरित्र के दूषित होने से हमारे जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, अतः हम योग से जुड़े रहकर शरीर, मन व बुद्धि को संतुलित रख सकते हैं।

**अष्टांग योग पर की विस्तार से चर्चा :** डॉक्टर अमित द्विवेदी ने अष्टांग योग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, धारणा, समाधि आदि पर विस्तार से चर्चा की। अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। डॉ अमित द्विवेदी ने उपस्थित पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**सीएम को भेजे गए पोस्टकार्ड:** प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर के निर्देश पर दो सूत्री मांग के लिए पोस्टकार्ड लेखन कर मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया। जिसमे कहा गया है कि मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को विलोपित करने हेतु विधानसभा में संकल्प पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रेषित किया जाए, तथा दूसरा केंद्र के सामान देय तिथि से कर्मचारी तथा पेंशनरों को डी आर प्रदान करने हेतु आदेश जारी किया जाए।

### पौधारोपण का लिया संकल्प

मुख्य अतिथि आरके वर्मा ने पर्यावरण की सुरक्षा हेतु एक पेड़ मां के नाम अवश्य रोपने का संकल्प लिया। नए सदस्य आरके वर्मा, निर्मल श्रीवास्तव एवं मंजू श्रीवास्तव ने अपने उपस्थिति प्रदान करते हुए संघ के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा को प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी पेंशनरों साथियों ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संरक्षक लखन प्रसाद तिवारी, जिला सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, कोषाध्यक्ष आईएन योगी, महामंत्री बीआर बेलसर, संगठन सचिव आरके साहू, उपाध्यक्ष बीआर साहू, सुरेंद्र ताम्रकार, केआर नेताम, एनआर कुलहरिया, बीआर. भूआर्य, विष्णु राम ठाकुर, पवन सिंह सॉरी, मोहनलाल धुर्वे, एसपी शर्मा, जीएल. देवांगन, शिवलाल देवांगन, गंगाराम साहू, रूपराम साहू, केशव चंद्राकर, रंभा मांडवी, पुष्पा साहू, किरण सिन्हा, सावित्री साहू, कमला ठाकुर ,गंगाबाई उपस्थित थे।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

100% CAMPUS PLACEMENT

TEAM CREATIVE

मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम - दानीटोला, पोस्ट - भैसबोड़, तहसील - डौंडी, जिला - बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

## खबर संक्षेप




### चौलेश देशमुख ने 55वीं बार किया रक्तदान

**गुरुर।** नगर के समाजसेवी चौलेश देशमुख ने 55वीं बार रक्त दान किया, चौलेश देशमुख को लगातार निःशुल्क रक्तदान करने पर मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक ने शील्ड देकर सम्मानित किया। रायपुर के कुनकुरी सदन के तत्वाधान मे आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मे मेकहारा रायपुर मे सम्मिलित होकर चौलेश देशमुख ने रक्तदान किया। यह उनका 55वां रक्त दान है। इस दौरान उन्हे इस कार्य के लिए जहां बड़ी संख्या मे संस्था के सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सहकारी समिति कोड़िया में किया गया पौधा रोपण



**अंडा।** ग्राम पंचायत कोड़िया सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कोड़िया सरपंच खुमान निषाद ,उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर ,सोसायटी प्रबंधक घनश्याम बेलचंदन, अध्यक्ष सहकारी समिति रोहित चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश दीपक, कन्हैया यादव,शिवचरण चंद्राकार ,भूपेंद्र चंद्राकर,सुनील साहू, लीलाधर निषाद, राही साहू ज्ञानेश्वर साहू वार्ड पंच,रोहित साहू वार्ड पंच, राधेलाल साहू, चुन्नीलाल चंद्राकर, आनंद चंद्राकर,दिनेश दीपक और ग्रामीण जन उपस्थित हुवे। इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद ने कहा कि पौधा तो हर लोग लगा सकते हैं लेकिन उसका देखभाल करना जरूरी है क्योंकि की हम लोग अपने बच्चों का देखभाल बचपन से करते हैं उसी तरह पौधा का भी देखभाल करना जरूरी हैं। हमारे जीवन में हवा लेने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है।

### सड़क हादसे में दंपती की दर्दनाक मौत

**भिलाई।** मौसी के घर पर खाना खाते विवाहित दंपतीं को रात हो गई। लेकिन मौसी ने दोनों को घर लौटने से मना किया था। कुछ देर बाद खबर आती है कि दोनों की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना खुर्सीपार क्षेत्र की है। जहां पुरानी बस्ती कोहका निवासी मुकेश कुर्रे 28 वर्ष और उसकी पत्नी कमलेश्वरी 26 वर्ष अपनी एक्टिवा सीजी 07 सीवाई 2426 में सवार होकर अपने मौसी के यहां से अपने घर जाने के लिए निकले थे। रविवार रात 10 बजे तेलहा नाला के पास जैसे एक्टिवा सवार दंपती पहुंचे, पीछे से अज्ञात ट्रक चालक पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में मुकेश, कमलेश्वरी नेशनल हाइवे पर बीचो-बीच गिर पड़े। तेज रफ्तार ट्रक चालक ने दोनों के सिर पर पहिया चढा दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।चालक मौके से फरार हो गया। खबर लगने पर परिजन व आसपास के लोग नेशनल हाइवे पर पहुंचे। रायपुर से दुर्ग आने वाला नेशनल हाइवे पूरी तरह जाम हो गया।

## 2022 में एक्सपायर हो चुका नैनो यूरिया किसानों को बांटा गया, विभाग ने मानी गलती

# एक्सपायरी नैनो यूरिया वितरण मामले में जांच शुरू उर्वरक निरीक्षक व कृषि केंद्र संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन, उच्चस्तरीय जांच की हो रही मांग

कोठारी निजी कृषि केंद्र में 2022 में एक्सपायर हो चुका नैनो यूरिया किसानों को बांटे जाने के मामले में अब जांच शुरू होगी। बालोद जिला अधिकारी ने उर्वरक निरीक्षक पवन कुमार यदु और कोठारी कृषि केंद्र संचालक को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई सामाजिक कार्यकर्ता गोरेलाल सोनी की शिकायत के बाद हुई है। सोनी ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी।

डौंडी के उर्वरक निरीक्षक ने पहले कोठारी कृषि केंद्र में कार्रवाई की थी। इसके बाद जिला कलेक्टर के आदेश पर विभाग ने केंद्र को अपने नियंत्रण में ले लिया था। बावजूद इसके, खाद्य सामग्री कोठारी केंद्र के नाम से ही आ रही थी। इसी केंद्र से किसानों को 2022 में एक्सपायर हो चुका नैनो यूरिया बांटा गया। विभाग ने मीडिया के सवालों पर गलती स्वीकार की और कहा कि यह अनजाने में हुआ। विभाग ने किसानों के घर जाकर यूरिया बदलने की बात कही थी, लेकिन बाद में किसानों को बुलाकर राशि लौटा दी गई। जांच में सामने आया कि विभाग ने संचालन अपने हाथ में लेने के बाद भी एक्सपायरी यूरिया खपाने की रणनीति अपनाई। जिस केंद्र को नियमों के उल्लंघन पर बंद किया गया था, उसी से खाद्य वितरण किया गया। अब सवाल उठ रहा है कि एक्सपायरी यूरिया इस केंद्र तक कैसे पहुंचा। इसके पीछे कौन-कौन लोग हैं, इसकी जांच नहीं की गई।

**शासन तत्काल कराए मामले की जांच : सोनी:** सामाजिक कार्यकर्ता गोरेलाल सोनी ने कहा कि नैनो यूरिया धान की फसल के लिए लाभकारी है। इसे राज्य सरकार किसानों को आर्थिक लाभ देने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध करा रही है। लेकिन निजी कृषि केंद्रों में तीन साल पुराना एक्सपायरी यूरिया बांटना गंभीर मामला है। इसकी सप्लाई कहां से हुई, इसका पता नहीं लगाना अधिकारियों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़ा करता है। सोनी ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो प्रदेशभर में इस तरह की गड़बड़ियों का बड़ा खुलासा हो सकता है। यह एक्सपायरी यूरिया सप्लाई कोई सामान्य गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। इसके पीछे कौन मास्टरमाइंड है, यह पता लगाना जरूरी है। शासन को भी इस मामले की तत्काल जांच करानी चाहिए।



### जिला अधिकारी को सौंपेंगे रिपोर्ट: उर्वरक निरीक्षक

उर्वरक निरीक्षक पवन कुमार यदु ने कहा कि कोठारी केंद्र में 2022 का एक्सपायरी नैनो यूरिया कहां से आया, इसकी जांच कर रिपोर्ट जिला अधिकारी को सौंपी जाएगी। बालोद जिले में नैनो यूरिया की जांच के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन जब सवाल प्रदेश स्तर तक जांच पहुंचाने का आता है, तो अधिकारी अपने सीमित दायरे की बात कह रहे हैं। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि यदि मुख्य आरोपित जिला से बाहर का निकला तो विभाग क्या रणनीति अपनाएगा।

## दुर्ग सभापति पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश हाथापाई, पार्षदों ने थाने में किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलगांव थाना अंतर्गत ऋषभ ग्रीन सिटी में बच्चों को लेकर हुए विवाद में दुर्ग निगम सभापति श्याम शर्मा और अधिवक्ता नीरज चौबे में कहासुनी हो गई। बात हाथापाई तक पहुंच गई। श्याम शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में नीरज चौबे के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351(2), 281, 125 (ए) और मोटरयान अधिनियम की धारा 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में पार्षद पुलगांव थाने पहुंचे। उन्होंने सभापति से हुई मारपीट के इस मामले को लेकर नाराजगी भी व्यक्त की।

पुलिस ने बताया कि श्याम शर्मा की लिखित शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज किया गया है। सभापति श्याम शर्मा ने आरोप लगाया है कि उनके साथ हाथापाई की गई। उनकी स्कूटी को टक्कर मारी गई। श्याम शर्मा ने अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि उनके साथ नीरज चौबे ने गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी दी। घटना 6 जुलाई की रात करीब 8.30 बजे की है। आरोपी अपनी कार सीजी 07 सीवाई 235 से सभापति के घर के सामने से गुजर रहा था। इस दौरान उसने हार्न बजाया। इस दौरान श्याम शर्मा की बेटी और बेटा बाहर निकले। पहले आरोपी ने उनसे विवाद किया। बाद में दोनों ने घटना की जानकारी श्याम शर्मा को दी। श्याम शर्मा के बाहर आने पर आरोपी ने उनसे भी विवाद किया। आरोप है कि नीरज ने सभापति पर कार चढ़ाने का भी प्रयास किया। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

## पंचायत सचिवों ने मनाया सचिव दिवस



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के पंचायत सचिवों द्वारा संसाधन केंद्र भवन पुराना जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में दिनांक 7 जुलाई दिन सोमवार को सचिव दिवस का आयोजन पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई डौंडीलोहारा द्वारा रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांति प्रकाश सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, अध्यक्षता महेंद्र साहू जिला अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ जिला इकाई बालोद, विशिष्ट अतिथि जयलाल मालेकर, पंकज देव सीईओ जनपद पंचायत डौंडीलोहारा एवं जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के समस्त जनपद सदस्य गण उत्तम यादव, दुलारी पोषण देवांगन, चित्ररेखा साहू, डोमेन्द्र राजपूत, रोहिणी पिस्दा, टिकेश्वरी साहू, निर्भय राम भंडारी सहित समस्त जनपद सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। पंचायत सचिव दिवस में सचिवों की नियुक्ति एवं सचिव द्वारा कार्य करते हुए उनकी जो स्थिति आज है उसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि के समक्ष रखा गया।

सचिवों की नियुक्ति सन 1995 में पंचायत कर्मी के रूप में हुआ था और इस प्रकार जन्म से लेकर मृत्यु तक 29 विभाग का कार्य करते हुए 7 जुलाई 2007 को सचिवों का मानदेय से वेतनमान निर्धारण हुआ। उसी की याद में प्रति वर्ष सचिव दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। आज के कार्यक्रम में सचिव संघ के अध्यक्ष चुनू राम सिन्हा, सचिव मेमन अटल, उपाध्यक्ष दिनेश गंजीर, सलाहकार देवलाल मालेकर, प्रवक्ता द्वारका चौधरी, महिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी पटेल सहित ब्लॉक के समस्त सचिव उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति व मलेरिया नियंत्रण पर निकाली गई रैली

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम रानीतराई (कि) में नशा मुक्ति,मलेरिया दस्त एवं स्वच्छता हेतु रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास स्कूली बच्चों,शिक्षको, ग्राम सरपंच व मितानिन बहनो द्वारा किया गया। नवयुवा, बुजुर्ग ,बच्चें आजकल तंबाखू, शराब जैसे नशे में लिप्त होते जा रहे हैं। जिससे स्वास्थ पर बुरा असर पड रहा है। नशे के कारण घर परिवार भी तबाह हो रहे हैं, इसलिए इस रैली के माध्यम से चौक चौराहों में लोगों को जागरूक किया गया। बारिश के मौसम में गड्ढो में बारिश का पानी इकट्ठा हो जाता है, जिसमें मच्छर पनपते है। ऐसे जगहों में जला आईल या केरोसिन डालकर मच्छर के पनपने को रोकना है, जिससे मलेरिया नियंत्रण में मदद मिल सके, बारिश में गंदे पानी से दस्त या डायरिया होने की सभावना बनी रहती है, इस तरह स्वास्थ गत समस्या आने पर तत्काल अस्पताल जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया, इस रैली में सरपंच खोमीन ठाकुर, प्रधान पाठक निर्मल दुबे, शिक्षक एवं मितानीन बहनें शामिल रहे।



## पेंशनर समाज की मासिक बैठक में उठी समस्याओं के निराकरण को लेकर उठाए ठोस कदम

### महंगाई भत्ता, धारा 49(6) और 8वें वेतन आयोग को लेकर हुई व्यापक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- संगठन की एकता को बताया अधिकार प्राप्ति की कुंजी, दिवंगत पेंशनर को दी गई श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में विद्यादायनी मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक मे पेंशनरों के समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को दिये गए ज्ञापन पर विस्तार से जानकारी दिये गये। बैठक मे बताया गया कि केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता 2 प्रतिशत बाकी है, उसे प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी है। धारा 49(6) को समाप्त करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। अधिकारों के प्राप्ति के लिए संगठन की एकता पर बल दिया गया। आठवें वेतन आयोग पर चर्चा किया गया।

नये सदस्य के रुप में धनसिंह गंजीर, यादव कुमार साहू, परसराम, गजेंद्र, चमन लाल साहू का अभिनन्दन किया गया। पेंशनर भवन को कुछ शर्तों के साथ किराए पर देने का निर्णय लिया गया। दिवंगत साथी कार्तिक राम राजपुरिया को श्रध्दांजली दिया गया। आय–व्यय का समीक्षा किया गया।

### ये रहे उपस्थित

बैंठक में तहसील अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी, जिलाध्यक्ष जीके. साहू, संरक्षक नेमसिंह साहू, उमेंदी राम गंगराले, संरक्षक यूएस. नागवंशी परामर्शदात्री सदस्य ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में भैय्याराम देवान, एनूराम सोनवानी, रविकांत साहू, इन्द्रेश कुमार देवांगन, ईश्वरी प्रसाद साहू, शारदा राम साहू, जीवन लाल साहू, बीएस. अठनागर, ईश्वर लाल सिन्हा, राधेश्याम मिथिलेश, बालाराम सोनवानी, लोकनाथ सिंहा, बहोरन कुमार साहू, धन्नूलाल टण्डन, खेमलाल भेंसलें, एसआर. जाटवर, टीआर.कलिहारी, गणेशराम पंत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव गांधीराम साहू ने किया।

## नवागांव बी में भाजपा नेता नारद साहू ने किया पौधारोपण, दिया प्रकृति-संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- मौलश्री से लेकर पाम तक, विविध प्रजातियों के लगाए गए पौधे
- वृक्षों से ही जल, जीवन और संस्कृति का अस्तित्व संभव : नारद साहू

अनवरत वर्षा के बीच ग्राम पंचायत नवागांव बी में भाजपा नेता नारद साहू द्वारा व ग्रामीणों के साथ किसम किसम के पौधा का रोपन किया। जिसमे मौलश्री, कदम, कोनो कारपस, गुलमोहर, बादाम, पाम पौधे शामिल है। नारद साहू ने कहा कि हमारे भारत की संस्कृति के वर्म सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है यह एक तरह से मानव का जीवन सहचर पौधारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है, वृक्ष अगर ना हो तो सरोवर नदिया में भी जल नहीं भरेगा और ना ही सरिता ही कल कल ध्वनि से प्रवाही होगी वृक्षों की जडो से वर्षा ऋतु की जल धरती के जल में धरती समाहित है।



**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम मे सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग नारद साहू, सरपंच कविता साहू, उपसरपंच छगनलाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष महेश साहू, बूथ अध्यक्ष अभिषेक सेन, जयप्रकाश साहू, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र साहू, राजू हिरवानी, युवराज मंडल, लालकुमार साहू, जितेंद्र साहू, पंच तुषान्त टंडन, भेमराज साहू, लेखराम साहू, कांतिलाल साहू, कलीराम जांगड़े, घनश्याम यादव, परमानंद सोनवानी, लोकेश जांगड़े, महेश मेश्राम, नीलकंठ यादव, नागेश साहू, गोविंद महलवार, सोहन साहू, लिखेश्वरि साहू, माधुरी साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्काउट गाइड्स ने किया 100 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बने स्कूली बच्चे

बालोद भारत स्काउट एवं गाईड्स द्वारा वार्षिक कैलेंडर के अनुसार जिला संघ बालोद भारत स्काउट एवं गाइड्स एवं स्थानीय संघ डौडी के सहयोग से सलाहाई टोला गोठान परिसर डौड़ी के परिसर पर विभिन्न फलदार, छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के तहत एक पेड़ मां के नाम पर सभी स्काउट गाईड ने 100 पौधों का रोपण किया। उक्त कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन एवं जिला मुख्य आयुक्त जनसेवक राकेश यादव, जिला आयुक्त पीसी मरकले, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीओसी स्काउट नेम सिंह साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सलाहाई टोला एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के स्काउटर गाइडर द्वारा आंवला, नीम, मुनगा कटहल तथा छायादार पौधों का रोपण किया गया। तत्पश्चात राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट गाइड जिसमें 2024 के 29 स्काउट गाइड, 2025 के 23 स्काउट गाइड को जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जनपद अध्यक्ष मुकेश कोड़ो, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतीन चौरका, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डौण्डी मंडले, बीआरसीसी डौंडी एसआर शर्मा, सरपंच सलाहाई टोला माहेश्वरी गावड़े, उपाध्यक्ष कमल सोनी द्वारा स्काउट गाइड को गवर्नर आवर्ड प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा राकेश यादव द्वारा सभी स्काउट, गाइड को एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने का संकल्प दिलाया गया।







**इनका रहा सहयोग:** कार्यक्रम में मनीष झा, रूपेश नायक, हिचामी, हिंछा राम साहू, साधना सोरी, प्रशांत नेताम, सौरभ लूनिया, माधवन डोंगरे, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी स्काउट भुवन सिन्हा, डीटीसी गाइड सीमा साहू, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, मनी राम साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, छगन बंसोर, एसआर प्रेमन, सयुक्त सचिव नोम साहू, घनेश्वरी साहू, तनूजा बंजारे, लिलिपुष्पा एक्का, सीनियर स्काउटर गाईडर योगेश्वर प्रसाद गांगुली, कमला वर्मा, नेमीचंद बढ़ाई, चंद्रलेखा ठाकुर, भोला राम साहू का सहयोग रहा।

### नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य, अपराध हुआ दर्ज

**भिलाई।** बाल संप्रेक्षण गृह के एक बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि संस्थान के परिवीक्षा अधिकारी ने रामकुमार सूर्यवंशी ने अपचारी बालक के साथ घटना करना पाया गया है। पुलिस ने अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बाल संप्रेक्षण गृह दुर्ग में लगातार यौन उत्पीड़न करने की शिकायते लगातार मिलती रही है। लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जिले में 986 हेक्टेयर में धान कतार बोनी किसानों को कम लागत और बेहतर उत्पादन का लाभ

## बालोद में धान कतार बोनी बढ़ी, कृषि विभाग ने आधुनिक खेती पद्धति डीएसआर को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उप संचालक कृषि विभाग ने बताया कि जिले मे बोवाई लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। किसान धान बोवाई व रोपाई कार्य में लगे हुए है। इस वर्ष धान कतार बोनी का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा है। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला, सोरर, चिटौद, धनेली, सनौद, गुरूर, भोथली, सोहपुर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के गुरेदा, नाहंदा, अर्जुन्दा, ओटेबंध, सिरसिदा, देवरी (क) व बालोद विकासखण्ड अंतर्गत पिपरछेड़ी. चारवाही, भेंगारी, निपानी, तरीद, करहीभदर, सेमरकोना, मटिया (वी), साल्हेटोला सहित जिले में 986 हेक्टेयर में धान की कतार बोनी की गई है, जो कि एक अच्छी पहल है।

उन्होंने बताया कि कतार बोनी का प्रचलन पिछले कुछ साल से बढ़ा है। किसान पारंपरिक रूप से धान को छिड़क कर रोपा पद्धति से बोते है, जिससे बीज मात्र ज्यादा, खरपतवार प्रबंधन में समस्या एवं लागत भी अधिक आती है। उन्होंने बताया कि धान की कतार बोनी में बीज एवं खाद की कम मात्र लगती है एवं खाद का सही उपयोग हो जाता है। बीज एवं खाद 3 से.मी. के करीब होने पर बीज का अंकुरण अच्छा एवं पौधों में तेजी से विकास होता है। धान के जड़ों का अधिक गहराई पर होने से सुखा सहने की क्षमता बढ़ जाती है। धान की कतार बोनी से हवा एवं प्रकाश की समुचित आवागमन होने पर प्रकाश संश्लेषण की क्रिया अच्छी होती है एवं पौधा मजबूत होता है, जिससे अच्छी पैदावार होने की संभावना बढ़ जाती है। धान (कतार बोनी) फसल सामान्य फसल की अपेक्षा जल्दी परिपक्व व कटाई योग्य हो जाते है, जिससे रबी की फसल लेने में पर्याप्त समय मिल जाता है।



### डीएसआर से होगी समय की बचत

धान सीधी बोवाई जिसे डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) भी कहा जाता है। धान की खेती करने का आधुनिक तरीका है, जिसमें नर्सरी तैयार करने और पौधे को रोपाई करने की पारंपरिक विधि के बजाय बीजों को सीधे खेत में बोया जाता है। यह एक कुशल, टिकाऊ और किफायती तरीका है, जो किसानों, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के लिए कई लाभ प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि सीधे बीजाई पद्धिति से पानी की बचत, सीड ड्रील से बोवाई से श्रम की बचत, रोपाई की लागत बचत, पर्यावरण के अनुकुल मिथेन उत्सर्जन कम होता है। इसके साथ ही समय की फसल की अवधि कम होने से समय की बचत होती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411